राज्य सेवा परीक्षा वर्ष–2020 से लागू परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

परीक्षा–योजना

1. **राज्य सेवा परीक्षा के तीन क्रमिक चरण होंगे –**
   (1) **राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा** (वस्तुनिष्ठ प्रश्न ओ.एम.आर.शीट आधारित)।
   (2) **राज्य सेवा मुख्य परीक्षा** (लिखित वर्णनात्मक)।
   (3) **साक्षात्कार।**

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा

2. प्रारंभिक परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय प्रश्न) के दो प्रश्न पत्र होंगे। प्रत्येक प्रश्नपत्र की रचना निम्नलिखित योजनानुसार की जाएगी :–

प्रथम प्रश्न पत्र	सामान्य अध्ययन	2 घंटे	200 अंक
द्वितीय प्रश्न पत्र	सामान्य अभिरुचि परीक्षण	2 घंटे	200 अंक

3. यह परीक्षा केवल छानबीन परीक्षण (Eligibility Test) के रूप में ली जाती है। इस परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर अभ्यर्थियों का मुख्य परीक्षा हेतु योग्य/अर्ह घोषित किया जाता है। अंतिम चयन सूची केवल मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर निर्मित की जाएगी।

4. (1) दोनों प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय प्रश्न) के होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार सम्भावित उत्तर होंगे जिन्हें अ,ब,स और द में समूहीकृत किया जाएगा, जिनमें से एक सही उत्तर होगा। उम्मीदवार से अपेक्षा की जाती है कि वह उत्तर पुस्तिका में उसके द्वारा निर्णित सही माने गये अ,ब,स या द में से केवल एक उत्तर पर चिह्न लगाए।

   (2) प्रत्येक प्रश्नपत्र में 2–2 अंक के 100 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्नपत्र की समयावधि 2 घंटे होगी।

   (3) प्रारंभिक परीक्षा हेतु सामान्य अध्ययन तथा सामान्य अभिरुचि–परीक्षण के विस्तृत पाठ्यक्रम परिशिष्ट–दो में यथा विनिर्दिष्ट हैं।

   (4) प्रत्येक प्रश्न पत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी में होगा।

   (5) प्रारंभिक परीक्षा उपरांत परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों और उसके मॉडल उत्तरों की कुंजी तैयार कर आयोग की वेबसाइट www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com पर प्रकाशित कर ऑनलाइन पद्धति से 07 दिवस की अवधि में आपत्तियाँ प्राप्त की जाएँगी। अभ्यर्थी प्रति प्रश्न आयोग द्वारा निर्धारित शुल्क तथा पोर्टल शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आपत्तियाँ जमा कर सकेंगे। 07 दिवस के निर्धारित अवधि के पश्चात् किसी भी अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

   समिति द्वारा आपत्तियों पर विचार कर निम्नानुसार कार्यवाही की जाएगी–

1. ऐसे प्रश्न जिनका मॉडल कुंजी में गलत उत्तर दिया गया है और प्रश्न के वैकल्पिक उत्तरों में दूसरा सही उत्तर उपलब्ध है तब मॉडल कुंजी को संशोधित किया जाएगा।
2. आपत्तियों के आधार पर निम्नानुसार पाए गए प्रश्नों को प्रश्नपत्र से विलोपित किया जाएगा :–

- ऐसे प्रश्न जिसका दिये गये विकल्पों में सही उत्तर न हो।
- ऐसे प्रश्न जिसका दिये गये विकल्पों में एक से अधिक सही उत्तर हों अथवा एक से अधिक विकल्पों में सही उत्तर की पुनरावृत्ति हो।
- प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद में भिन्नता हो जो प्रश्न को सार्थक रूप से प्रभावित करता हो।

विषय–विशेषज्ञों द्वारा समस्त अभ्यावेदनों पर विचार करने के पश्चात् मॉडल कुंजी बनाई जाएगी तथा आयोग की वेबसाइट www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com पर प्रकाशित की जाएगी।

उपरोक्तानुसार समिति द्वारा विलोपित किए गये प्रश्नों को छोड़कर शेष प्रश्नों के आधार पर अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन कर प्रारंभिक परीक्षा–परिणाम घोषित किया जाएगा।

5. चयनित अभ्यर्थियों की संख्या कुल रिक्त पदों की संख्या के वर्गवार/श्रेणीवार अधिकतम 15 गुना होगी। समान अंक प्राप्त (वर्गवार/श्रेणीवार) उम्मीदवारों को भी मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह घोषित किया जाएगा। केवल वे ही उम्मीदवार, जिन्हें आयोग ने संबंधित विज्ञापन के अधीन प्रारंभिक परीक्षा में अर्ह घोषित किया हो, मुख्य परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए पात्र होंगे। मुख्य परीक्षा की पात्रता हेतु उम्मीदवार को प्रारंभिक परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवार हेतु न्यूनतम अर्हकारी अंक 30 प्रतिशत होंगे।

विशेष :–

1. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का द्वितीय प्रश्नपत्र केवल क्वालीफ़ाइंग स्वरूप का होगा।
2. द्वितीय प्रश्न पत्र में प्राप्त अंकों को प्रारंभिक परीक्षा–परिणाम हेतु गुणानुक्रम–निर्धारण में शामिल नहीं किया जाएगा।
3. राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का पाठ्यक्रम भी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के समान ही होगा।
4. राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा की मेरिट सूची प्रथम व द्वितीय दोनों प्रश्न पत्रों के प्राप्तांको को जोड़कर तैयार की जाएगी।

राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा

पाठ्यक्रम

प्रथम प्रश्न पत्र – सामान्य अध्ययन

1. मध्यप्रदेश का इतिहास, संस्कृति एवं साहित्य

- मध्यप्रदेश के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएँ, प्रमुख राजवंश।
- स्वतंत्रता आन्दोलन में मध्यप्रदेश का योगदान।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख कलाएँ एवं स्थापत्य कला।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख जनजातियाँ एवं बोलियाँ।
- प्रदेश के प्रमुख त्योहार, लोक संगीत, लोक कलाएँ एवं लोक–साहित्य।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख साहित्यकार एवं उनकी कृतियाँ।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख जनजातीय व्यक्तित्व।

2. भारत का इतिहास

- प्राचीन एवं मध्यकालीन भारत के इतिहास की प्रमुख विशेषताएँ, घटनाएँ एवं उनकी प्रशासनिक, सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्थाएँ।
- 19वी एवं 20वी शताब्दी में सामाजिक तथा धार्मिक सुधार आंदोलन।
- स्वतंत्रता संघर्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन।
- स्वतंत्रता के पश्चात् भारत का एकीकरण एवं पुनर्गठन।

3. मध्यप्रदेश का भूगोल

- मध्यप्रदेश के वन, वनोपज, वन्यजीव, नदियाँ, पर्वत एवं पर्वत श्रृखलाएँ।
- मध्यप्रदेश की जलवायु।
- मध्यप्रदेश के प्राकृतिक एवं खनिज संसाधन।
- मध्यप्रदेश में परिवहन।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख सिंचाई एवं विद्युत परियोजनाएँ।
- मध्यप्रदेश में कृषि, पशुपालन एवं कृषि आधारित उद्योग।

4. भारत एवं विश्व का भूगोल

- **भौतिक भूगोलः**– भौतिक विशेषताएँ और प्राकृतिक प्रदेश।
- **प्राकृतिक संसाधनः**– वन, खनिज संपदा, जल, कृषि, वन्यजीव, राष्ट्रीय उद्यान /अभ्यारण्य/सफारी।
- **सामाजिक भूगोलः**– जनसंख्या संबंधी/जनांकिकी (जनसंख्या वृद्धि, आयु, लिंगानुपात, साक्षरता एवं आर्थिक गतिविधियाँ)।
- **आर्थिक भूगोलः**– प्राकृतिक एवं मानवीय संसाधन (उद्योग, यातायात के साधन)।
- विश्व के महाद्वीप/देश/महासागर/नदियाँ/पर्वत।
- विश्व के प्राकृतिक संसाधन।
- परंपरागत एवं गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोत।

5. (अ) राज्य की संवैधानिक व्यवस्था –

- मध्यप्रदेश की संवैधानिक व्यवस्था (राज्यपाल, मंत्रिमंडल, विधानसभा, उच्च न्यायालय)
- मध्यप्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतीराज एवं नगरीय प्रशासन व्यवस्था।

(ब) राज्य की अर्थ व्यवस्था –

- मध्यप्रदेश की जनांनिकि एवं जनगणना।
- मध्यप्रदेश का आर्थिक विकास।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख उद्योग।
- मध्यप्रदेश की जातियाँ, अनुसूचित जातियाँ एवं जनजातियाँ तथा राज्य की प्रमुख कल्याणकारी योजनाएँ।

6. भारत का संविधान शासन प्रणाली एवं अर्थ व्यवस्था

- भारतीय शासन अधिनियम 1919 एवं 1935।
- संविधान सभा।
- संघीय कार्यपालिका, राष्ट्रपति एवं संसद।
- नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं राज्य के नीति–निर्देशक सिद्धांत।
- संवैधानिक संशोधन।
- सर्वोच्च न्यायालय एवं न्यायिक व्यवस्था।
- भारतीय अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास और विदेशी व्यापार, आयात एवं निर्यात।
- वित्तीय संस्थाएँ – रिजर्व बैक, राष्ट्रीयकृत बैक, SEBI/NSE/ गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान।

7. विज्ञान एवं पर्यावरण

- विज्ञान के मौलिक सिद्धांत ।
- भारत के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान एवं उनकी उपलब्धियाँ, उपग्रह एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी।
- पर्यावरण एवं जैव–विविधता।
- पारिस्थितिकीय तंत्र।
- पोषण, आहार एवं पोषक तत्व।
- मानव शरीर संरचना।
- कृषि उत्पाद तकनीक
- खाद्य प्रसंस्करण।
- स्वास्थ्य नीति एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम।
- प्रदूषण, प्राकृतिक आपदाएँ एवं प्रबंधन।

8. अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय समसामयिक घटनाएँ

- महत्वपूर्ण व्यक्तित्व एवं स्थान।
- महत्वपूर्ण घटनाएँ।
- भारत एवं मध्यप्रदेश की प्रमुख खेल संस्थाएँ, खेल प्रतियोगिताएँ एवं पुरस्कार ।

9. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

- इलेक्ट्रॉनिकी, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी।
- रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स एवं सायबर सिक्यूरिटी।
- ई–गवर्नेन्स।
- इंटरनेट तथा सोशल नेटवर्किंग साईट्स।
- ई–कॉमर्स

10. राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक संवैधानिक/सांविधिक संस्थाएँ

- भारत निर्वाचन आयोग।
- राज्य निर्वाचन आयोग।
- संघ लोक सेवा आयोग।
- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग।
- नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक।
- नीति आयोग।
- मानवाधिकार आयोग।
- महिला आयोग।
- बाल संरक्षण आयोग।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग।
- पिछडा वर्ग आयोग
- सूचना आयोग।
- सतर्कता आयोग।
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण।
- खाद्य संरक्षण आयोग इत्यादि।

राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा

पाठ्यक्रम

द्वितीय प्रश्न पत्र – सामान्य अभिरूचि परीक्षण

1. बोधगम्यता
2. संचार कौशल सहित अंतर– वैयक्तिक कौशल
3. तार्किक कौशल एवं विश्लेषणात्मक क्षमता
4. निर्णय लेना एवं समस्या समाधान
5. सामान्य मानसिक योग्यता
6. आधारभूत संख्ययन (संख्याएँ एवं उनके संबंध, विस्तार क्रम आदि– दसवीं कक्षा का स्तर) आँकडों का निर्वचन (चार्ट, ग्राफ तालिका, आँकडों की पर्याप्तता आदि–दसवीं कक्षा का स्तर)
7. हिन्दी भाषा में बोधगम्यता कौशल (दसवीं कक्षा का स्तर)

टिप्पणी : दसवीं कक्षा के स्तर के हिन्दी भाषा के बोधगम्यता कौशल से संबंधित प्रश्नों का परीक्षण, प्रश्नपत्र में केवल हिन्दी भाषा के उद्धरणों के माध्यम से, अंग्रेजी अनुवाद उपलब्ध कराए बिना किया जाएगा।

State Service (Preliminary) Examination
Syllabus
Paper -I General Studies

1. **History, Culture and Literature of Madhya Pradesh.**
    - Major events and Major dynasties in history of Madhya Pradesh.
    - Contribution of Madhya Pradesh in freedom movement.
    - Major arts and **Sc**ulputure of Madhya Pradesh.
    - Major Tribes and Dialects of Madhya Pradesh.
    - Major festivals **,** Folk music, Folk arts and Folk literature of Madhya Pradesh.
    - Important Literator of Madhya Pradesh and their literature.
    - Religious and tourist places of Madhya Pradesh.
    - Important Tribal Personalities of Madhya Pradesh.

2. **History of India.**
    - Major features, Events and their administrative, Social and Economical Systems of Ancient and Medieval India.
    - Social and Religious reform movements in 19^{th} and 20^{th} century.
    - Independence struggle and Indian National Movement for Freedom.
    - Integration and Reorganization of India after Independence.

3. **Geography of Madhya Pradesh.**
    - Forest, Forest Produce, Wild life, Rivers, Mountains and Mountain ranges of Madhya Pradesh.
    - Climate of Madhya Pradesh.
    - Natural and Mineral resources of Madhya Pradesh.
    - Transport in Madhya Pradesh.
    - Major Irrigation and **E**lectrical Projects in Madhya Pradesh.
    - Agriculture, Animal husbandry and Agriculture based industries in Madhya Pradesh.

4. **Geography of World and India :-**

- **Physical Geography :-** Physical features and Natural regions.
- **Natural Resources:-** Forest, Mineral resources, Water, Agriculture, Wildlife, National Parks/ Sanctuaries/Safari.
- **Social Geography:-** Population related Demography (Population growth, Age, Sex ratio, Literacy)
- **Economic Geography: -** Natural and Human resources (Industry, Modes of Transport)
- Continents/Countries/Oceans/Rivers/Mountains of world.
- Natural Resources of World.
- Conventional and Non conventional Energy Resources.

5.

(A) **Constitutional System of Madhya Pradesh**

- Constitutional System of Madhya Pradesh (Governer, Council of Ministers, Legislative Assembly, High Court).
- Three-tier System of Panchayati Raj and Urban Administration in Madhya Pradesh.

(B) **Economy of Madhya Pradesh**

- Demography and Census of Madhya Pradesh.
- Economic Development of Madhya Pradesh.
- Major Industries of Madhya Pradesh.
- Castes of Madhya Pradesh, Schedule Castes and Schedule Tribes of Madhya Pradesh and Major Welfare Schemes of State.

6. **Constitution Government and Economy of India.**

- Government India act 1919 and 1935.
- Constituent Assembly.
- Union Excutive, President and Parliament.
- Fundamental Rights and Duties of the Citizens and Directive Principles of State policy.
- Coustitutional Amendments.
- Supreme Court and Judicial System.
- Indian Economy, Industrial Development and Foreign trade, Import and Export.
- Financial Institutions- Researve Bank of India, Nationalised Banks, Security and Exchange Board of India (SEBI), National Stock Exchange (NSE), Non Banking Financial Institutions.

7. **Science and Technology.**
    - Basic Principles of Science.
    - Important Indian Scientific Research Institutions and Their achievements, Satellite and Space technology.
    - Environment and Biodiversity.
    - Ecological System.
    - Nutrition**,** Food and Nutrient.
    - Human Body.
    - Agricultural Product Technology.
    - Food Processing.
    - Health Policy and Programmes.
    - Pollution, Natural Diasasters and Management.

8. **Current International and National Affairs.**
    - Important Personalities and Places
    - Major Events
    - Important Sports Institutes, Sports Competitions and Awards of India and Madhya Pradesh.

9. **Information and Communication Technology**
    - Electronics, Information and Communication Technology
    - Robotics, Artificial Intelligence and Cyber Security
    - E-Governance
    - Internet and Social Networking Sites
    - E-commerce

10. **National and Regional Constitutional / Statutory Bodies**
    - Election Commission of India
    - State Election Commission
    - Union Public Service Commission
    - Madhya Pradesh Public Service Commission
    - Comptroller and Auditor General
    - NITI Aayog
    - Human Rights Commission
    - Women Commission
    - Child Protection Commission
    - Scheduled Castes and Scheduled Tribes Commission
    - Backward class Commission
    - Information Commission
    - Vigilance Commission
    - National Green Tribunal
    - Food preservation Commission etc.

State Service (Preliminary) Examination Syllabus

Paper -II[nd] :GENERAL APTITUDE TEST

1. Comprehension
2. Interpersonal skill including communication skill
3. Logical reasoning and analytical ability
4. Decision making and problem solving
5. General mental ability
6. Basic numeracy (numbers and their relations, order of magnitude ect.-Class X level) Data interpretation (charts, graphs, tables, data sufficiency etc.-Class X level)
7. Hindi Language Comprehension Skill (Class X level)

Note:- Question relating to Hindi Language Comprehension skill of Class X level will be tested through passages from Hindi language only without providing English Translation thereof in the question paper.

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा

परीक्षा योजनाः–

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में निम्नानुसार कुल 06 प्रश्नपत्र होंगे। सभी प्रश्न पत्र अनिवार्य है:–

स.क्र.	विषय	अवधि	पूर्णांक	माध्यम
प्रथम प्रश्नपत्र	सामान्य अध्ययन–I (इतिहास, भूगोल)	03 घंटे	300	हिन्दी अथवा अंग्रेजी
द्वितीय प्रश्नपत्र	सामान्य अध्ययन–II (राजनीति, अर्थशास्त्र एवं समाज शास्त्र)	03 घंटे	300	हिन्दी अथवा अंग्रेजी
तृतीय प्रश्नपत्र	सामान्य अध्ययन–III (विज्ञान एवं तकनीकी)	03 घंटे	300	हिन्दी अथवा अंग्रेजी
चतुर्थ प्रश्नपत्र	सामान्य अध्ययन–IV (दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान एवं लोक प्रशासन)	03 घंटे	200	हिन्दी अथवा अंग्रेजी
पंचम प्रश्नपत्र	सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण	03 घंटे	200	हिन्दी
षष्ठ प्रश्नपत्र	हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन	02 घंटे	100	हिन्दी

साक्षात्कार :– 175 अंक

कुल अंकः– 1575

1) सामान्य अध्ययन के प्रथम प्रश्न पत्र में पूर्णांक–300 हैं तथा समय–3 घंटे होगा।

- सामान्य अध्ययन के प्रथम प्रश्नपत्र में दो खंड 'अ' तथा 'ब' रहेंगे। प्रत्येक खंड 150 अंकों का होगा। प्रत्येक खंड पाठ्यक्रम के अनुसार 05 इकाइयों में विभाजित है। प्रत्येक इकाई से 03 अति लघु उत्तरीय, 02 लघु उत्तरीय तथा 01 दीर्घ उत्तरीय या निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रश्नों की संख्या आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकेगी।
- प्रत्येक इकाई में अति लघु उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 03 अंक तथा लघु उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 05 अंक एवं दीर्घ उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 11 अंक पूर्णांक होंगे।
- इस प्रकार प्रत्येक इकाई के लिये कुल पूर्णांक अंक 30 होंगे।
- इसी प्रकार दोनों खंड 'अ' तथा 'ब' में कुल पूर्णांक 150–150 होंगे।
- अतः प्रथम प्रश्न पत्र के पूर्णांक 300 होंगे।
- प्रत्येक अति लघु उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 10 शब्द/ एक पंक्ति होगी।
- प्रत्येक लघु उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 50 शब्द/5 से 6 पंक्तियाँ होंगी।
- प्रत्येक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 200 शब्द होगी।

2) सामान्य अध्ययन के द्वितीय प्रश्न पत्र में पूर्णांक–300 हैं तथा समय–3 घंटे होगा।

- सामान्य अध्ययन के द्वितीय प्रश्नपत्र में दो खंड 'अ' तथा 'ब' रहेंगे। प्रत्येक खंड 150 अंकों का होगा। प्रत्येक खंड पाठ्यक्रम के अनुसार 05 इकाइयों में विभाजित है। प्रत्येक इकाई से 03 अति लघु उत्तरीय, 02 लघु उत्तरीय तथा 01 दीर्घ उत्तरीय या निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रश्नों की संख्या आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकेगी।
- प्रत्येक इकाई में अति लघुत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 03 अंक तथा लघु उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 05 अंक एवं दीर्घ उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 11 अंक पूर्णांक होंगे।
- इस प्रकार प्रत्येक इकाई के लिये कुल पूर्णांक अंक 30 होंगे।
- इसी प्रकार दोनों खंड 'अ' तथा 'ब' में कुल पूर्णांक 150–150 होंगे।
- उपर्युक्तानुसार प्रथम प्रश्न पत्र के पूर्णांक 300 होंगे।
- प्रत्येक अति लघु उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 10 शब्द/ एक पंक्ति होगी।
- प्रत्येक लघु उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 50 शब्द/5 से 6 पंक्तियाँ होंगी।
- प्रत्येक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 200 शब्द होगी।

3) सामान्य अध्ययन के तृतीय प्रश्न पत्र में पूर्णांक–300 हैं तथा समय–3 घंटे होगा।

- सामान्य अध्ययन के तृतीय प्रश्नपत्र 10 इकाइयों में विभाजित है। प्रत्येक इकाई से 03 अति लघु उत्तरीय, 02 लघु उत्तरीय तथा 01 दीर्घ उत्तरीय या निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रश्नों की संख्या आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकेगी।
- प्रत्येक इकाई में अति लघु उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 03 अंक तथा लघु उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 05 अंक एवं दीर्घ उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 11 अंक पूर्णांक होंगे।
- इस प्रकार प्रत्येक इकाई के लिए कुल पूर्णांक अंक 30 होंगे।
- इस प्रश्नपत्र में कुल पूर्णांक 300 होंगे।
- प्रत्येक अति लघु उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 10 शब्द/ एक पंक्ति होगी।
- प्रत्येक लघु उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 50 शब्द/5 से 6 पंक्तियाँ होगी।
- प्रत्येक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 200 शब्द होगी।

4) सामान्य अध्ययन के चतुर्थ प्रश्न पत्र में पूर्णांक–200 है तथा समय–3 घंटे होगा।

- सामान्य अध्ययन का चतुर्थ प्रश्नपत्र 05 इकाइयों में विभाजित है जिसमें प्रथम से चतुर्थ इकाई तक, प्रत्येक इकाई से 05 अति लघु उत्तरीय, 02 लघु उत्तरीय तथा 01 दीर्घ उत्तरीय या निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रश्नों की संख्या आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकेगी।
- प्रथम से चतुर्थ इकाई तक, प्रत्येक इकाई में अति लघु उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक तथा लघु उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 05 अंक एवं दीर्घ उत्तरीय प्रत्येक प्रश्न के लिये 20 अंक पूर्णांक होंगे।
- इस प्रकार प्रथम से चतुर्थ इकाई तक, प्रत्येक इकाई के लिये कुल पूर्णांक अंक 40 होंगे।
- प्रश्न पत्र की पाँचवी इकाई में संपूर्ण पाठ्यक्रम से 02 केस स्टडी की समीक्षात्मक टीप लिखनी होगी। प्रत्येक केस स्टडी के लिये 20 अंक प्रदाय किए जाएँगे।
- इस प्रश्नपत्र में कुल पूर्णांक 200 होंगे।
- प्रत्येक अति लघु उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 10 शब्द/ एक पंक्ति होगी।
- प्रत्येक लघु उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 50 शब्द/5 से 6 पंक्तियाँ होंगी।
- प्रत्येक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न की आदर्श शब्द सीमा 200 शब्द होगी।
- प्रत्येक केस स्टडी के लिये आदर्श शब्द सीमा 500 शब्द होंगी।

5) पंचम प्रश्न पत्र में पूर्णांक–200 हैं तथा समय–3 घंटे होगा।

- पंचम प्रश्नपत्र सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण का होगा।
- प्रथम प्रश्न में लघु उत्तरीय कुल 25 प्रश्न होंगे जो कि सम्पूर्ण पाठ्यक्रम से पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न 03 अंकों का होगा।
- द्वितीय प्रश्न अलंकारों से संबंधित होगा। जिसमें 02 प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न 05 अंको का होगा।
- तृतीय प्रश्न में 02 उप प्रश्न होंगे जिनमें वाक्यों का हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद 20 अंकों का तथा अंग्रेजी से हिन्दी में 15 अंकों का होगा। इस प्रकार अनुवाद हेतु कुल अंक 35 होंगे।
- चतुर्थ प्रश्न हिन्दी व्याकरण से संबंधित होगा जिसमें संधि, समास, विराम चिह्न इत्यादि से प्रश्न पूछे जाएँगे। इसमें कुल अंक 20 होंगे।
- पाँचवा प्रश्न प्रारंभिक व्याकरण एवं शब्दावलियों से संबंधित होगा। इसके कुल अंक 20 होंगे।
- छठा प्रश्न अपठित गद्यांश से संबंधित होगा। इसमें कुल अंक 20 होंगे।
- सातवाँ प्रश्न पल्लवन अथवा भाव–पल्लवन से संबंधित होगा। इसमें कुल 10 अंक होंगे।
- आठवाँ प्रश्न गद्यांश के संक्षेपण से संबंधित होगा। इसमें कुल 10 अंक होंगे।
- प्रश्नों की संख्या आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकेगी। आवश्यकतानुसार किसी प्रश्न में उप प्रश्न भी हो सकते हैं।

6) <u>षष्ठ प्रश्न पत्र में पूर्णांक–100 हैं तथा समय–2 घंटे होगा।</u>

- षष्ठ प्रश्नपत्र हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन का होगा।
- प्रश्न पत्र में कुल तीन प्रश्न होंगे।
- प्रश्न क्रमांक–1 प्रथम निबंध होगा जिसमें किसी एक विषय पर 1000 शब्दों में निबंध हिन्दी में लिखना होगा। प्रश्न में आंतरिक विकल्प होगा। यह प्रश्न 50 अंकों का होगा।
- प्रश्न क्रमांक–2 द्वितीय निबंध समसामयिक समस्या एवं निदान से संबंधित होगा। जिसमें किसी एक विषय पर 500 शब्दों में निबंध हिन्दी में लिखना होगा। प्रश्न में आंतरिक विकल्प होगा। यह प्रश्न 25 अंकों का होगा।
- प्रश्न क्रमांक–3 प्रारूप लेखन से संबंधित होगा। इसमें किन्हीं दो प्रारूपों का लेखन हिन्दी में करना होगा। प्रत्येक प्रारूप लेखन में आदर्श शब्द सीमा 250 शब्द होगी। प्रश्न में आंतरिक विकल्प होगा। यह प्रश्न 25 अंकों का होगा।
- प्रश्नों की संख्या आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकेगी। आवश्यकतानुसार किसी प्रश्न में उप प्रश्न भी हो सकते हैं।

दृष्टि The Vision

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा
पाठ्यक्रम
प्रथम प्रश्न पत्र (खण्ड–अ)
इतिहास

इतिहास एवं संस्कृति

इकाई–1

भारतीय इतिहास– भारत का राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, हड़प्पा सभ्यता से 10 वीं शताब्दी तक।

इकाई–2

- 11 वीं से 18 वीं शताब्दी तक भारत का राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास।
- मुगल शासक और उनका प्रशासन, मिश्रित संस्कृति का अभ्युद्य।
- ब्रिटिश शासन का भारतीय अर्थव्यवस्था एवं समाज पर प्रभाव ।

इकाई–3

- **ब्रिटिश उपनिवेश के प्रति भारतीयों की प्रतिक्रिया :** कृषक एवं आदिवासियों का विद्रोह, प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन/संग्राम। **भारतीय पुनर्जागरण :** राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं इसके नेतृत्वकर्ता।
- गणतंत्र के रूप में भारत का उदय, राज्यों का पुनर्गठन, मध्यप्रदेश का गठन, स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् के प्रमुख घटनाएँ।

इकाई–4

- मध्यप्रदेश में स्वतंत्रता आंदोलन।*****
- **भारतीय सांस्कृतिक विरासत (मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ में) :** प्राचीन काल से आधुनिक काल तक विभिन्न कला प्रारूपों, साहित्य, पर्व (उत्सव) एवं वास्तुकला के प्रमुख पक्ष।
- म.प्र. में विश्व धरोहर स्थल एवं पर्यटन ।

इकाई–5

मध्यप्रदेश की प्रमुख रियासतें :– गोंडवाना, बुन्देली, बघेली, होल्कर, सिंधिया एव भोपाल रियासत (प्रारंभ से स्वतंत्रता प्राप्ति तक)।

***** वर्तमान मध्यप्रदेश के भौगोलिक संदर्भ में।

प्रथम प्रश्न पत्र (खण्ड–ब)

भूगोल

इकाई–1

विश्व का भूगोल

- **प्रमुख भौतिक लक्षण :–** पर्वत, पठार, मैदान, नदियाँ, झीलें एवं हिमनद।
- **प्रमुख भौगोलिक घटनाएँ :–** भूकंप, सूनामी, ज्वालामुखी क्रिया, चक्रवात।
- **विश्व की जलवायु :–** जलवायु एवं ऋतुएँ, वर्षा का वितरण एवं जलवायु प्रदेश, जलवायु परिवर्तन एवं उसके प्रभाव।

इकाई–2

भारत का भूगोल

- **प्रमुख भौतिक स्वरूप :–** पर्वत, पठार, मैदान, नदियाँ, झीलें एवं हिमनद।
- भारत के भू–आकृतिक प्रदेश।
- **जलवायु :–** मानसून की उत्पत्ति, एल नीनों, जलवायु एवं ऋतुएँ, वर्षा का वितरण एवं जलवायु प्रदेश।
- प्राकृतिक संसाधन प्रकार एवं उपयोग
  (क) जल, वन, मृदा
  (ख) शैल एवं खनिज
- **जनसंख्याः–** वृद्धि, वितरण, घनत्व, लिंगानुपात, साक्षरता, प्रवास, ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या।
- **खाद्य प्रसंस्करण एवं संबंधित उद्योगः–** संभावनाएँ एवं महत्त्व, उद्योगों का स्थानीयकरण, उद्योग की पूर्ववर्ती एवं अग्रवर्ती आवश्यकताएँ, मांग–पूर्ति श्रंखला प्रबंधन।

इकाई–3

मध्यप्रदेश का भूगोल

- प्रमुख भूआकारिकी (Geomorphic) प्रदेश– नर्मदा घाटी एवं मालवा पठार के विशेष संदर्भ में।
- प्राकृतिक वनस्पति एवं जलवायु।
- **मृदाः–** मृदा के भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुण, मृदा प्रसंस्करण एवं मृदा निर्माण, मृदा क्षरण एवं ह्रास की समस्याएँ। समस्याग्रस्त मृदा एवं उसके परिष्कार के तरीके। जलग्रहण आधार पर मृदा संरक्षण नियोजन ।
- **खनिज एवं ऊर्जा संसाधनः–** प्रकार, वितरण एवं उपयोग।
- **प्रमुख उद्योगः–** कृषि उत्पाद, वन एवं खनिज आधारित उद्योग।
- **राज्य की जनजातियाँः–** आपदाग्रस्त जनजातियों के विशिष्ट संदर्भ में।

इकाई–4

जल एवं आपदा प्रबंधन

- **पेयजलः–** आपूर्ति, जल की अशुद्धि के कारण एवं गुणवत्ता प्रबंधन।
- जल–प्रबंधन।
- भू–जल एवं जल संग्रहण।
- प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाएँ, आपदा प्रबंधन की अवधारणाएँ एवं विस्तार की संभावनाएँ, विशिष्ट खतरे एवं उनका शमन।
- सामुदायिक योजना :– संसाधन मानचित्रण, राहत एवं पुनर्वास, निरोधक एवं प्रशासनिक उपाय, सुरक्षित निर्माण, वैकल्पिक संचार एवं जीवन–रक्षा हेतु दक्षता।

इकाई–5

भूगोल की आधुनिक तकनीक

- सुदूर संवेदन– सिद्धान्त, विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम, घटक, उपग्रहों के प्रकार, सुदूर संवेदन का उपयोग।
- जी.आय.एस.(भौगोलिक सूचना प्रणाली) – घटक एवं उपयोग।
- जी.पी.एस.(भौगोलिक पोज़िशनिंग सिस्टम) –आधारभूत संकल्पना एवं उपयोग।

द्वितीय प्रश्न पत्र (खण्ड–अ)

प्रश्नपत्र–II सामान्य अध्ययन

संविधान, शासन व्यवस्था, राजनैतिक एवं प्रशासनिक संरचना

इकाई–1

- **भारतीय संविधानः–** निर्माण, विशेषताएँ, मूल ढाँचा एवं प्रमुख संशोधन ।
- **वैचारिक तत्वः**– उद्देशिका, मूल अधिकार, राज्य के नीति निदेशक तत्व, मूल कर्तव्य।
- **संघवाद, केन्द्रः–** राज्य संबंध, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, न्यायिक पुनरावलोकन, न्यायिक सक्रियता, लोक अदालत एवं जनहित याचिका।

इकाई–2

- भारत निर्वाचन आयोग, नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एवं नीति आयोग,
- भारतीय राजनीति में जाति, धर्म,वर्ग, नृजातीयता, भाषा एवं लिंग की भूमिका, भारतीय राजनीति में राजनीतिक दल एवं मतदान व्यवहार, सिविल सोसायटी एवं जन आंदोलन, राष्ट्रीय अखंडता तथा सुरक्षा से जुड़े मुद्दे।

इकाई–3

- संविधान के 73 वें एवं 74 वें संशोधन के संदर्भ में जनभागीदारी एवं स्थानीय शासन।
- **जवाबदेही एवं अधिकारः–** प्रतिस्पर्धा आयोग, उपभोक्ता फोरम, सूचना आयोग, महिला आयोग, मानव अधिकार आयोग, अजा/अजजा/अपिव आयोग, केन्द्रीय सतर्कता आयोग।
- **लोकतंत्र की विशेषताएँः–** राजनीतिक प्रतिनिधित्व, निर्णय प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी।
- समुदाय आधारित संगठन (CBO), गैर सरकारी संगठन (NGO) एवं स्व–सहायता समूह (SHG)।
- मीडिया की भूमिका एवं समस्याएँ (इलेक्ट्रानिक, प्रिन्ट एवं सोशल मीडिया)

इकाई–4

भारतीय राजनीतिक विचारक

कौटिल्य, महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरु, सरदार वल्लभ भाई पटेल, राममनोहर लोहिया, डॉ.बी.आर. अम्बेडकर, दीनदयाल उपाध्याय, जयप्रकाश नारायण।

इकाई–5

- **प्रशासन एवं प्रबंधनः–** अर्थ, प्रकृति एवं महत्त्व, विकसित एवं विकासशील समाजों में लोक प्रशासन की भूमिका, एक विषय के रूप में लोक प्रशासन का विकास, नवीन लोक प्रशासन, लोक प्रशासन के सिद्धांत
- **अवधारणाएँः–** शक्ति, सत्ता, प्राधिकारी, उत्तरादायित्व एवं प्रत्यायोजन (Delegation)।
- संगठन के सिद्धांत, पदसोपान, नियंत्रण का क्षेत्र एवं आदेश की एकता।
- लोक प्रबंधन के नवीन आयाम, परिवर्तन का प्रबंधन एवं विकास प्रशासन।

द्वितीय प्रश्न पत्र (खण्ड–ब)

अर्थशास्त्र एवं समाजशास्त्र

इकाई–1

- भारत में कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के मुद्दे एवं पहल।
- भारत में राष्ट्रीय आय की गणना।
- भारतीय रिजर्व बैंक एवं व्यापारिक बैंकों के कार्य, वित्तीय समावेशन, मौद्रिक नीति।
- अच्छी कर प्रणाली की विशेषताएँ – प्रत्यक्ष कर एवं अप्रत्यक्ष कर, सब्सिडी, नकद लेन देन, राजकोषीय नीति।
- लोक वितरण प्रणाली, भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान प्रवृतियाँ एवं चुनौतियाँ, गरीबी, बेरोजगारी एवं क्षेत्रीय असंतुलन।
- भारत का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार एवं भुगतान संतुलन, विदेशी पूँजी की भूमिका, बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, आयात–निर्यात नीति, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक, विश्व व्यापार संगठन, आसियान, सार्क, नाफ्टा एवं ओपेक।

इकाई–2 **मध्यप्रदेश के संदर्भ में :–**

- प्रमुख फसलें, कृषि जोत क्षेत्र एवं फसल प्रतिरूप, फसलों के उत्पादन एवं वितरण का भौतिक एवं सामाजिक पर्यावरणीय प्रभाव, बीज एवं खाद की गुणवत्ता एवं आपूर्ति से जुड़े मुद्दे, कृषि के तरीके, उद्यानिकी, मुर्गीपालन, डेरी, मछली एवं पशुपालन आदि के मुद्दे एवं समस्याएँ, कृषि उत्पादन, परिवहन, भण्डारण एवं विपणन से संबंधित समस्याएँ एवं चुनौतियाँ।
- कृषि की कल्याणकारी योजनाएँ।
- सेवा क्षेत्र का योगदान।
- मध्यप्रदेश का आधारभूत ढाँचा एवं संसाधन।
- मध्यप्रदेश का जनांकिकी परिदृश्य और मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव।
- औद्योगिक क्षेत्र, संवृद्धि, प्रवृतियाँ एवं चुनौतियाँ।
- कुशल मानव–संसाधन की उपलब्धता, मानव–संसाधन का नियोजन एवं उत्पादकता, रोजगार के विभिन्न चलन (ट्रेंड्स) ।

इकाई–3

मानव–संसाधन विकास

- **शिक्षाः–** प्रारंभिक शिक्षा, उच्चशिक्षा एवं तकनीकी एवं चिकित्सकीय शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा की गुणवत्ताएँ, बालिकाओं की शिक्षा।
- **निम्नलिखित वर्गों से संबंधित सामाजिक मुद्दे एवं उनके कल्याणकारी कार्यक्रम :–** निःशक्त वर्ग, वृद्धजन, बालक, महिलाएँ, सामाजिक रूप से वंचित वर्ग, विकास परियोजनाओं के फलस्वरूप विस्थापित वर्ग।

इकाई–4

- सामाजिक समरसता के घटक, सभ्यता और संस्कृति की अवधारणा। भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ। संस्कार : विविध संदर्भ। वर्ण व्यवस्था। आश्रम, पुरुषार्थ, चतुष्ट्य। धर्म व मत–पंथों का समाज पर प्रभाव, विवाह की पद्धतियाँ।
- सामुदायिक विकास कार्यक्रम, प्रसार शिक्षा, पंचायतीराज सामुदायिक विकास में गैर सरकारी संगठनों (NGO) की भूमिका, स्वसेवा के क्षेत्र में ग्रामीण विकास की नवीन प्रवृतियाँ, कुटुम्ब न्यायालय।

इकाई–5

- जनसंख्या और स्वास्थ्य–समस्याएँ, स्वास्थ्य शिक्षा एवं सशक्तिकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम, जनसंख्या नियंत्रण।
- मध्यप्रदेश में जनजातियों की स्थिति, सामाजिक संरचना, रीति–रिवाज, मान्यताएँ, विवाह, नातेदारी, धार्मिक विश्वास व परंपराएँ, जनजातियों में प्रचलित पर्व व उत्सव।
- महिला शिक्षा, पारिवारिक स्वास्थ्य, जन्म–मृत्यु समंक, कुपोषण के कारण और प्रभाव, पूरक पोषण हेतु शासकीय कार्यक्रम प्रतिरक्षा के क्षेत्र में तकनीकी दखल–प्रतिरक्षण, संक्रामक और असंक्रामक बीमारियों के उपचार ।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठनः–** उद्देश्य, संरचना, कार्य एवं कार्यक्रम ।

तृतीय प्रश्न पत्र
विज्ञान एवं तकनीकी

इकाई–1

- **कार्य, बल एवं ऊर्जाः–** गुरुत्वाकर्षण बल, घर्षण, वायुमंडलीय दबाव एवं कार्य।
- इकाइयाँ और माप, दैनिक जीवन के उदाहरण।
- गति, वेग, त्वरण
- **ध्वनिः–** परिभाषा, प्रसार का माध्यम, श्रव्य और अश्रव्य ध्वनि, शोर और संगीत। ध्वनि संबंधित शब्दावली– आयाम, तरंग–लंबाई, कंपन की आवृत्ति।
- **विद्युतः–** विभिन्न प्रकार के सेल, परिपथ।
- **चुंबकः–** गुण, कृत्रिम चुंबक का निर्माण एवं उपयोग।
